# नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, सुलतानपुर।

## नीलामी की सूचना

**दिनांक 10.06.2026** नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, सुलतानपुर परिसर मे स्थित न्यायिक आवास संख्या जे-7 व जे-8 जर्जर इमारत के मलवे की नीलामी के लिए सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 04.07.2026 सायं 04:00 बजे तक कार्यालय नजारत अनुभाग में सीलबन्द निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाकर्ता सीलबन्द निविदा जमा करते समय धरोहर नगद धनराशि रू० 1,50,000/- जनपद न्यायायल के नजारत अनुभाग में नीलामी की नियत तिथि 04.07.2026 सायं 04:00 बजे तक जमा की जा सकती है।निविदाकर्ता को अपना आधार कार्ड एवं पैन कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। सीलबन्द निविदा को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

उच्चतम प्राप्त सीलबन्द निविदा की 25 प्रतिशत धनराशि उसी दिन जमा करनी होगी, शेष 75 प्रतिशत धनराशि 15 दिन के अन्दर जमा करने के पश्चात नीलामशुदा आवासों से निकला हुआ सामान व मलवा आदि को अपने व्यय पर ले जाने की अनुमति होगी। यदि नियत समय में सम्पूर्ण धनराशि जमा नहीं की जाती तो पूर्व में जमा धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर निविदाकर्ता/बोलीकर्ता के समस्त अधिकार समाप्त समझे जायेंगें। उपरोक्त जमा की जाने वाली धनराशि नकद जमा की जायेगी, किसी प्रकार का चेक/ड्राफ्ट ग्रहण नहीं किया जायेगा।

नीलामी हेतु न्यायिक आवास संख्या जे-7 व जे-8 को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक जनपद न्यायालय सुलतानपुर में नजारत अनुभाग में सम्पर्क कर देखा जा सकता है। प्राप्त सीलबन्द निविदा दिनांक 04.07.2026 को सायं 04:30 बजे खोला जायेगी। सीलबन्द निविदा खोलने के समय निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है। नीलामी की सूचना जनपद न्यायालय, सुलतानपुर की बेबसाइट **(http://districts.ecourts.gov.in/sultanpur)** तथा माननीय उच्च न्यायालय की बेबसाइट **(http://www.allahabadhighcourt.in)** पर देखी जा सकती है।

सूचना जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।

(संध्या चौधरी)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट संख्या-01,सुलतानपुर
**अध्यक्ष, नीलामी समिति**

प्रतिलिपिः- निम्न को सूचनार्थ प्रेषित-

1. नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ,
2. अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ,
3. अधिशासी अधिकारी , नरगपालिका, सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ,
4. .अधिशासी अधिकारी, जिला पंचायत सुलतानपुर नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ,
5. .मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन, सुलतानपुर नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ,
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु ,
7. नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ,
8. नोडल अधिकारी, केन्द्रीयकृत कम्प्यूटर कक्ष , जनपद न्यायालय सुलतानपुर को बेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

(संध्या चौधरी)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट संख्या-01,सुलतानपुर
**अध्यक्ष, नीलामी समिति**